## कंपनियों का दूषित पानी रोकने को किया तहसील का घेराव



**कैमिकलयुक्त दूषित पानी की बदबू से लोगों को सांस लेने में तकलीफ**

**सौसर, देशबन्धु।** मंगलवार को सौसर विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कबर पिपला के ग्रामीणों एवं महिलाओं द्वारा तहसील का घेराव कर जमकर शासन-प्रशासन और कंपनियों के खिलाफ नारेबाजी कर विधायक विजय चौरे के प्रमुख उपस्थिति में सिद्धार्थ पटेल (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौंसर) को ज्ञापन सौंपा।

ग्राम कबर पिपला से लगे एक नाले में औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव कि कंपनियों का दुषित पानी लगातार छोड़ा जा रहा है। केमिकल युक्त दुषित पानी से इतनी बदबू आती है की लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है,नाले से लगा शासकीय हाईस्कूल है जिसमे छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने में बाधाएं उत्पन्न होती है। ग्राम कबर पिपला की पेयजल व्यवस्था भी नाले के समीप होने के कारण नाले के पानी का रिसाव होकर ग्रामीणों के दिनचर्या में उपयोग हो रहा है।

इस दौरान विधायक विजय चौरे ने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि आज वट सावित्री पूजा का दिन है फिर भी महिलाएं इतनी संख्या में यहां आयी है वेदना तो है पीड़ा तो है। एस डी एम साहब को कई बार हम ज्ञापन दे चुके है कंपनी वाले 15-20 दिन 1 महीना तक यह शांत रहते हैं और फिर से दूषित पानी छोड़ देते हैं। वहां पर बहुत सारी बीमारियां हो रही है पर यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार के राज्य में इस प्रकार का तांडव हो रहा है भाजपा की सरकार भी ध्यान नहीं दे रही और यहां का प्रशासन भी ध्यान नहीं दे रहा है।

यह दो या तीन दिन का अंतिम अल्टीमेटम अभी हमने एसडीएम साहब को दिया हैं अगर गुरुवार तक इसका कुछ नहीं होता तो शुक्रवार को हम खुद नाला बंद करेंगे फिर इसकी बदबू को सहन करने शासन-प्रशासन के अधिकारी तैयार रहे।

ग्राम की पूर्व सरपंच सुरेखा काटोले ने बताया कि कंपनियों का दूषित पानी रात 8 बजे एवं प्रात: 4,5 बजे छोड़ा जाता हैं।

इस पानी के कारण लोगो को खुजली, फोड़े, टायफाइड पीलिया आदि हो रहा है बच्चे बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं। जानवर भी लगातार मर रहे हैं। जब कोई महिला घर के बर्तन धोती है तब बर्तनों पर केमिकल की साय दिखाई पड़ती है जो उनके भोजन के साथ-साथ उनके शरीर में प्रवेश कर अनेक बीमारियों को जन्म दे रही हैं।

ग्रामीण महिला कंचन वैष्णव अपने बच्चे गोद में लिए दूषित पानी का विरोध करने पहुंची तथा पत्रकारों से कहा कि दिन निकलने से ही इंसान जो स्वच्छ हवा प्राप्त करना चाहता हैं सुबह से ही नाली की बदबू से माइग्रेन जैसी समस्या हो जाती हैं बच्चे को इन्फेक्शन हो जाता हैं पूरा परिवार बीमार पड़ जाता हैं।

रात में पानी छोड़ने के पूर्व ही सभी ग्रामीण भोजन करने का प्रयास करते हैं क्योंकि पानी की बदबू इतनी होती है की भोजन करने की इच्छा ही नहीं होती मेहमान घर आने से भी बचते है।

ग्रामीणों द्वारा इसके पुर्व भी कलेक्टर पांढुरना को इस गंभीर समस्या से अवगत कर रेमंड चौक में एक दिवसीय विशाल धरना आंदोलन भी किया गया है फिर भी शासन-प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं कि गई।

इस अवसर पर विधायक विजय चौरे,डॉ.राजेंद्र येमदे, विलास जोगी,विल्सन मेश्राम, किशोर खरपुरिया,अविनाश बोड़े, संजय घोड़की,भोला कुमेरिया, सुरेखा काटोले,प्रतिमा मिलमिले, विमल ठाकुर,जयश्री काटोले, सीता जोगी, चंद्रकला बोबड़े, वर्षा जोगी,मालती कुमेरियां, देविका इंगले एवं समस्त महिलाएं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पृथक महाकौशल राज्य की मांग



**महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी ने सौंपा ज्ञापन**

**छपारा, देशबन्धु।** केवलारी महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी ब्लॉक इकाई केवलारी के तत्वाधान में पार्टी के द्वारा पांच सूत्रीय मांगों को महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम केवलारी अग्रवाल जी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में पार्टी के( राष्ट्रीय अध्यक्ष) डॉ सतीश नाग , पर्यवेक्षक राजेंद्र मनकवाडे एवं राजकुमार नाग (ब्लॉक अध्यक्ष) केवलारी एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे ज्ञापन निम्न है।

पृथक महाकौशल राज बनाया जाए, जिसकी राजधानी जबलपुर हो। शिक्षित बेरोजगारों के पास वर्तमान में कोई रोजगार नहीं है अत: ग्राम पंचायत स्तर एवं नगरों में वार्ड स्तर पर रोजगार केंद्र खोला जाए। आवारा पशु यहां वहां घूमते रहते हैं जिससे कई बार दुर्घटनाएं घटती हैं तत्काल पशु मालिकों को सूचित कर यहां वहां घूमने वाले मवेशियों को अपनी निगरानी में रखने हेतु निर्देशित करने कृपा करें।

स्वच्छ पेयजल की सप्लाई संपूर्ण केवलारी विकासखंड में तत्काल किया जाए। केवलारी विकासखंड की बहुत सी ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले गांव में वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टे देने में अधिकारी हिला हवाली करते हैं।

अत: उन्हें तत्काल पट्टे प्रदान करने हेतु निर्देशित किया जाए। माननीय महोदय जी से महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी मांग करती है, कि उपरोक्त मांगों को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने कृपा करें

### सार-समाचार



### वेदिका पटेल का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव की छात्रा वेदिका का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्मान किया गया।स्मरण हो कि विगत दिवस गाडरवारा में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कक्षा 10 वीं व 12 वीं में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शामिल होने वाले विद्यार्थियों का सम्मान कर उनके सुंदर भविष्य की कामना की। इसी क्रम में श्री देव मुरलीधर विद्यालय गोटेगांव की छात्रा कुमारी वेदिका पटेल जिसने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया एवं मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित हुई। छात्रा की इस उपलब्धि पर बाल शिक्षा समिति एवं विद्यालय परिवार ने हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शिवकुमार शिवहरे ने माध्यमिक शाला अंजनिया में भेंट कीं 25 डेस्क

**छपारा, देशबन्धु ।** जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंजनिया के शासकीय माध्यमिक शाला में सिवनी कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशन में जिले के शासकीय विद्यालयों की सुविधाओं का



उन्नयन कर जन भागीदारी से अध्यनरत प्रत्येक बच्चे के बैठने के लिए डेस्क उपलब्ध कराने की मुहिम जारी है, उक्त अभियान में सहभागिता करते हुए वैभव लक्ष्मी ग्रुप के संचालक शासकीय ठेकेदार शिवकुमार शिवहरे द्वारा माध्यमिक शाला अंजनिया में गत दिनो पच्चीस डेस्क टेबल गिफ्ट की गई। ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर के चलाए जा रहे गिफ्ट अ डेस्क अभियान में छोटा सा योगदान देते हुए ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल में जहां बच्चों को नीचे जमीन पर बैठना पड़ता था वही टेबल डेस्क सुविधा पाकर बच्चे खुशी का ध्यान रखा।

ज्ञात हो की जिला प्रशासन द्वारा जिले के 1367 प्राथमिक विद्यालयों में अध्यनरत छोटे बच्चों के लिए अनुमानित 20 हजार 3 सौ 47 डेस्क दानदाताओं से उपलब्ध कराने की गिफ्ट अ डेस्क मुहिम चलाई जा रही है जिसको लेकर कलेक्टर संस्कृति जैन की जिले के फर्नीचर निर्माताओं के साथ हुई बैठक में फर्नीचर निर्माता द्वारा लगभग 2 हजार 200 सौ रुपए के लागत मूल्य पर ही विद्यालयों में आवश्यकता अनुसार गुणवत्ता युक्त फर्नीचर उपलब्ध कराने की सहमति दी गई है जिला प्रशासन ने स्वेच्छा अनुसार जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, व्यापारी संघ, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों से इस अभियान में जुड़ने की अपील की थी जिसको लेकर वैभव लक्ष्मी ग्रुप द्वारा अपनी ओर से यह योगदान दिया गया, जिस पर अंजनिया स्कूल के प्राचार्य द्वारा उनका आभार जताया गया।

## चौरई में कांग्रेस ने निकाली ट्रैक्टर रैली, सौंपा ज्ञापन

**चौरई, देशबन्धु।** क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर चौरई विधायक चौधरी सुजीतसिंह के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौरई के तत्वावधान में मंगलवार को एक बड़ा किसान आंदोलन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान व कांग्रेस नेता कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। किसानों ने चौरई नगर के मुख्य मार्ग ट्रैक्टर रैली निकालकर विरोध जताया।



चौरई विधायक ट्रैक्टर चलाते हुये एसडीएम कार्यालय पहुँचे जहाँ उन्होंने क्षेत्र में किसानों की दुर्दशा के संबंध में प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अपने आप को किसान हितैषी कहने वाली मप्र सरकार में खड़ी फसल के जलने पर शासन से मिलने वाले मुआवजे से ज्यादा राशि किसानों को नरवाई जलाने का जुर्माना देने के नोटिस क्षेत्र के किसानों को मिल रहे है।

आज सम्पूर्ण चौरई क्षेत्र में किसान समर्थन मूल्य में मूँग खरीदी न किये जाने से चिंतित है जबकि कई वर्षों से मूँग की खरीदी सरकार द्वारा लगातार की जा रही है। किसानो को मजबूरी में व्यापारियों को बेहद कम दाम में मूंग बेचना पड़ रहा है। किसान यूरिया, डीएपी, महँगे बीज, बढ़े बिजली बिलों से भी परेशान हैं। चौरई मंडी में कुछ व्यापारियो द्वारा फसल खरीद कर महीनों से भुगतान न किये जाने व मंडी में व्याप्त अवस्था, जमुनिया व पेंच इरिगेशन माइक्रो 1 के अपूर्ण कार्य आदि की समस्याओं का उल्लेख करते हुए सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की है और राज्यपाल तथा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। चौरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तीरथ सिंह ठाकुर ने निराकरण न होने की स्थिति में बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

इस अवसर पर कही। इस मौके पर वरिष्ठ नेता अशोक तिवारी, गोविंद बजोलिया, बिन्दुमती रघुवंशी, प्रेमेंद्र साहू, धीरज खंडेलवाल, रामू वर्मा, अंकित पांडे, राम तिवारी, कपिल वर्मा, बालमुकुंद वर्मा, आनंद पटेल, आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूनमचंद शर्मा, छबील सिंह ठाकुर, रतिराम वर्मा, रामेश्वर सोनी, बेनी सिंह रघुवंशी, स्वाती श्रीवास्तव व किसान बंधु उपस्थित थे।

## रोहतक में खेड़ा की सरपंच सम्मानित

**गोटेगांव, देशबन्धु।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में 9 जून को आयोजित सेल्फी विद डॉटर डे के राज्य स्तरीय समारोह में गोटेगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत गोटेगांवखेड़ा को बेस्ट सेल्फी विद डॉटर पंचायत अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पंचायत की ओर से सरपंच प्रियंका राहुल खेमरिया ने ग्रहण किया।

**खेड़ा पंचायत को मिला बेस्ट सेल्फी विद डॉटर पंचायत अवॉर्ड**



समारोह में भारतीय पुनर्वास परिषद की चेयरपर्सन डॉ. शरणजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के संस्थापक सुनील जागलान, विभिन्न राज्यों की प्रतिभागी छात्राएं और अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

सरपंच प्रियंका खेमरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी पंचायत की हर बेटी की सेल्फी अपलोड कर उसे सम्मान और पहचान दी गई। यह अवॉर्ड पूरे गांव की बेटियों को समर्पित है। यह अभियान सिर्फ एक फोटो नहीं, बल्कि बेटियों को बराबरी का हक देने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। ग्राम पंचायत गोटेगांवखेड़ा को यह पुरस्कार इसलिए प्रदान किया गया क्योंकि पंचायत लगातार बालिका हितेषी पंचायत के रूप में कार्य कर रही है।

यहां बेटियों के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता से जुड़े कार्यक्रम शामिल हैं। पंचायत ने बालिकाओं को पंचायत की योजनाओं में भागीदार बनाते हुए समानता को बढ़ावा दिया है और उनके अधिकारों को प्राथमिकता दी है।

गौरतलब है कि सेल्फी विद डॉटर अभियान की शुरुआत 9 जून 2015 को हरियाणा के जींद जिले के गांव बीबीपुर से सुनील जागलान द्वारा की गई थी। यह अभियान अब एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है, जिसकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' कार्यक्रम में दस बार चर्चा कर चुके हैं। अब तक 80 देशों से 7 लाख 67 हजार से अधिक बेटियों की सेल्फी इस डिजिटल म्यूजियम में अपलोड की जा चुकी हैं।

कार्यक्रम राधाकृष्णन सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, पंजाब,मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों की बेटियों ने भाग लिया।

## राम सत्ता का आयोजन



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** जुन्नारदेव नगर के समीस्थ ग्राम टाटरवाडा में खेड़ापति मंदिर में श्री राम सत्ता का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात्रि तक विभिन्न मंडलों ने अपनी प्रस्तुति दी। तत्पश्चात पूजन अर्चन हवन दहिलाई के कार्यक्रम के साथ भोजन प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया पूजन पाठ पंडित नवल किशोर तिवारी नजरपुर वाले द्वारा संपन्न कराया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभी ग्रामवासी एवम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत देवी में संगोष्ठी आयोजित



**रामाकोना, देशबन्धु।** 9 जून 2025 को पांढुर्णा जिले में तहसील सौसर के विकासखंड सौसर के ग्राम पंचायत देवी में तीन पंचायत मिलकर घडेला, देवी, बिछुआ बग्गु के किसान सम्मिलित होकर विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत संगोष्ठी का कार्यक्रम किया गया।

जिसमें किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कृषि विभाग पशु विभाग, बागवानी विभाग, के द्वारा अपने सरकार की योजना के संबंधी जानकारी कृषि वैज्ञानिक डा. झाडे, कृषि विस्तार अधिकारी कैलाश धुर्वे,सागर डेहरिया,हेमंत माटे, कृषि उधानिकी अधिकारी मोहन पराडकर देकर खरीफ की फसल के पूर्व तैयारी संबंधी जानकारी दी गई ।

पौधे लगाना है तो पौधे कैसे लगाया जाए, बीज उत्तम क्वालिटी का खरीदी करें फर्टिलाइजर आवश्यकता के अनुसार अपने फसल को दिया जाए रासायनिक खाद के अलावा गोबर खाद का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया किसान भाइयों के द्वारा सवाल जवाब किया इस सवाल जवाब देने के लिए उसका समाधान करने का पूरा प्रयास किया गया।

इस संगोष्ठी कार्यक्रम के शुभ अवसर पर कृषक बंधु गणों में रामराव धुंडे, भाऊराव बरदे, बंडू वाट, ज्ञानेश्वर गायदाने, श्रीकृष्णा धुंडे, एवं ग्राम पंचायत की सरपंच मीनाक्षी भागने, सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र भक्ते विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 11 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा नक्षत्र- जेष्ठा**

मेष - आज आपका ध्यान आध्यात्मिकता की ओर ज्यादा रहेगा। रहस्यों से भरपूर गूढ़ विद्याओं की तरफ भी आपका झुकाव बढ़ेगा। गहन चिंतन आपको कुछ अनोखा अनुभव कराएंगे।

वृषभ - परिवारजनों तथा दांपत्यजीवन में सुख-शांति का अनुभव कर सकेंगे। रिश्तेदारों तथा मित्रों के साथ आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। किसी छोटे प्रवास की योजना बन सकती है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मिथुन - आज के दिन आप नाम और कार्य में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। आपके घर- परिवार में आनंद और शांतिपूर्ण माहौल रहेगा। आपका शरीर और मन स्वस्थ रहेगा। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है। **(क. 990-568)**

कर्क - दिन का आरंभ चिंता और उद्वेग के साथ होगा। स्वास्थ्य की शिकायत भी रहेगी। नए काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। आकस्मिक धन खर्च होगा। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से मनमुटाव होगा।

सिंह - आपके मन पर नकारात्मक विचार छाए रहने से हताशा अनुभव करेंगे। मन अस्वस्थ रहेगा। घर में मेल-जोल कम रहेगा। मां का स्वास्थ्य खराब होगा। उनके साथ वैचारिक मतभेद होगा।

कन्या - आज जल्दबाजी किए बिना सोच-समझ कर ही कोई काम करें। आज ढंग से प्रयास करेंगे, तो काम में सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

तुला - आज आपको जिद छोड़कर लोगों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अपनी वाणी को अंकुश में नहीं रखेंगें, तो मनमुटाव हो सकता है। मन की उलझन के कारण कोई निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

वृश्चिक - आपको शारीरिक मानसिक आनंद की अनुभूति होगी। परिजनों और मित्रों के साथ स्वादिष्ट भोजन और यात्रा का आनंद लेंगे। मेल-जोल के अवसर भी बने रहेंगे। प्रियजनों के साथ के सम्बंध भी अधिक घनिष्ठ होंगे।

धनु - आज का दिन आपके लिए थोड़ा कष्टदायक रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ बहसबाजी से मन दु:खी रहेगा। परिणाम स्वरूप आप मानसिक रूप से भी परेशान रहेंगे। क्रोध पर अंकुश रखें।

मकर - नौकरी, बिजनेस और समाज के सभी क्षेत्रों में आज का दिन लाभदायक साबित होगा। सगे- सम्बंधियों और मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने की योजना बनेगी। शुभ अवसरों पर उपस्थित हो सकेंगे।

कुंभ - आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे हो सकेंगे। खुशी का अनुभव होगा। नौकरी या बिजनेस के क्षेत्र में समय अच्छा है और आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - नकारात्मकता आप पर हावी न हो जाए, इसका ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक दुविधा के कारण आपको भय का अनुभव होगा। आपको स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएं बनी रहेंगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों से संभलकर रहना पड़ेगा। **(म. 788-259)**

0,3,5,7-00,35,52,70,75,41,55,07

## नपा की गोशाला पहुंचे विधायक

**सौसर, देशबन्धु।** सौसर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय रेवनाथ चौरे ने वार्ड नंबर 8 में नगर पालिका की गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और गौसेवा में लगे सभी सेवकों के कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

विधायक चौरे ने कहा, आप सभी गौसेवकों द्वारा किया जा रहा कार्य अत्यंत सराहनीय है। ऐसी सेवाएं समाज के लिए प्रेरणास्रोत होती हैं। यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, तो आप बेहिचक मुझसे संपर्क करें। विधायक निधि से जो भी सहयोग बन सकेगा, उसमें कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

निरीक्षण के पश्चात विधायक चौरे द्वारा गौशाला परिसर में



**गौसेवकों को सराहा, वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

वृक्षारोपण भी किया गया। उन्होंने अपने हाथों से पौधे लगाकर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने भी पौधारोपण में भाग लिया और गौशाला परिसर को हराभरा बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में नगर के कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य रूप से गौ सेवक वैष्णव खंडाईत, विशाल धकाटे, राहुल लाड़से, अमित पवार, अनुराग कोसे, आदित्य दवंडे उपस्थित रहे, जिन्होंने भी गौशाला के संचालन और पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के अंत में विधायक चौरे ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और गौशाला को एक आदर्श केंद्र के रूप में विकसित करने का विश्वास दिलाया।

## गोशाला परिसर में किया पौधरोपण



**सौसर, देशबन्धु।** रविवार को प्रात: आठ बजे सौसर नगर के वार्ड नंबर 8 ईदगाह के पीछे स्थित नगर पालिका की गौशाला परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संतुलन और गौमाता की सेवा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पौधों का रोपण किया गया।

इस पावन पर्व के शुभ अवसर पर सौसर तहसील के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिद्धार्थ पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही गौसेवक वैष्णव खांडाईत, विशाल धकाते, अंकित गुर्वे, राहुल लाडसे एवं आर्ट ऑफ लिविंग के श्याम वर्मा, डा. नामदेव कडू, नरेंद्र बोडखे, संजय झलके, सतीश डेहरवार, राजेश टाले, किरण बत्रा, आशा वर्मा, अर्पणा कडू, साधना पांडे, छाया वर्मा आदि साधकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाया। एक वृक्ष एक जीवन के समान होता है।

आइए, हम सब मिलकर प्रकृति और गौमाता की रक्षा के लिए संकल्प लें। जहां वृक्ष हैं, वहीं जीवन है और जहां गौमाता हैं, वहीं दिव्यता है।